स्वास्थ्य विभाग
बिहार सरकार

प्रवेशांक
जुलाई-2021




**6 करोड़ वयस्कों को 6 माह में लगेगा कोरोना का टीका**

**कर दिखाएगा बिहार**

बिहार में टीकाकरण की सुर्खियाँ

# टीकानामा






**राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार**
परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना– 800 014

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

स्वस्थ बिहार समृद्ध बिहार



**मंगल पाण्डेय**
मान‌नीय स्वास्थ्य मंत्री, बिहार सरकार

"बिहार 6 महीने में 6 करोड़ टीकाकरण का लक्ष्य, अवश्य हासिल करेगा। इसके लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। राज्यवासियों से भी अपील है कि वे इस अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें"।






**प्रत्यय अमृत**
अपर मुख्य सचिव, बिहार सरकार

"राज्य में टीकाकरण कार्यक्रम बेहद सुचारू ढंग से संचालित हो रहा है। इस कार्य में अधिकारियों, टीकाकर्मियों एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स द्वारा किए गए कार्य सराहनीय हैं। इस अभियान में अब तक समुदाय के पूर्ण सहयोग से उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त हुए हैं"।

# 'टीका-एक्सप्रेस' से टीकाकरण

"राज्य में कोविड टीकाकरण को गति प्रदान करने के उद्देश्य से चलंत टीकाकरण केंद्र 'टीका-एक्सप्रेस' की शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 3 जून को पटना से ऐसे 121 टीका-एक्सप्रेस को रवाना किया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी 728 टीका-एक्सप्रेस संचालित है। इन 'टीका एक्सप्रेस' में कुशल स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है जो शहर एवं गाँव के विभिन्न क्षेत्रों में गली-गली घूमकर लोगों को टीकाकरण सेवा के साथ-साथ आवश्यक परामर्श भी प्रदान कर रहे हैं। ऑडियो-विडियो जैसे सूचना-प्रसार संसाधनों से युक्त ये आकर्षक टीका एक्सप्रेस लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं।"




---

## CONCEPT & DESIGN
State Health Society Team, Bihar

## Editorial Team
**Dr. Hemant Patel**
VHSND Specialist - CARE India
**Jay Krishna**
CHF - CARE India
**Manish Ratna**
Senior Analyst - CHAI
**Ranvijay Kumar**
State Program Manager - CFAR
**Sourav Majumder**
TL Communications - CARE India

# जीविका दीदियों की पहल






"कहते हैं समुदाय का साथ मिले तो लक्ष्य प्राप्ति बेहद आसान हो जाता है। इस दृष्टि से कोविड टीकाकरण में जीविका दीदियों का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। विश्व योग दिवस के अवसर पर राज्य के जिलों में 5000 से अधिक जीविका दीदियों के सहयोग से आयोजित मेगा टीकाकरण कैंपों में लोगों का जबरदस्त उत्साह देखा गया। जीविका दीदियों ने टीका लेकर न केवल स्वयं को सुरक्षित किया बल्कि परिवार के अन्य सदस्यों तथा समुदाय के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित किया। जीविका दीदियों के सहयोग से इस दिन टीकाकरण के आच्छादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।"

## बिहार में पहला टीका लिए रामबाबू

बिहार राज्य में पहला कोविड-19 टीकाकरण सत्र 16 जनवरी, 2021 को पटना स्थित 'इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान' में आयोजित हुआ। इस दिन सबसे पहला टीका यहाँ के सफाई कर्मचारी रामबाबू को दिया गया।

अपने टीकाकरण के पश्चात रामबाबू ने लोगों से अनुरोध किया कि **"आप सब भी अपना वैक्सिन अवश्य लें। इसमें कोई प्रॉब्लम नहीं है, तभी कोरोना यहाँ से दूर भाग सकता है"।**

इसी क्रम में 'आई.जी.आई.एम.एस.' के माइक्रोबायलॉजी विभाग में कार्यरत लैब टेक्निशियन 'रंजू रानी' टीका लेने वाली राज्य की पहली महिला बन गई हैं।

उन्होंने भी राज्यवासियों से अपील करते हुए कहा कि, **"अपनी बारी आने पर कोविड का टीका जरूर लें"।**





# टीकाशाला

"कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम जन-जन तक पहुँचाने के लिए बिहार सरकार कटिबद्ध है। इसी दिशा में सदा कार्यरत स्वास्थ्य विभाग की एक नयी पहल है टीकाशाला कार्यक्रम, जिसमें शिक्षा विभाग के साथ मिलकर स्कूलों में टीकाकरण सत्र चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों, कर्मियों एवं विद्यालय में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को टीका दिलवाया जा रहा है। चलंत टीकाकरण केन्द्र 'टीका एक्सप्रेस' को 'टीकाशाला' से सम्बद्ध कर टीकाकरण के लक्ष्य को पाने का यह एक सराहनीय प्रयास है।"



# नौका पर टीका

"सात नदियों के बाढ़ से प्रभावित खगड़िया जिले में सबको कोविड टीकाकरण सेवा पहुँचाना आसान लक्ष्य नहीं है, पर जहाँ चाह वहाँ राह। जिले की इस चुनौती से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने एक अनूठी पहल की है। वंचित लोगों तक सेवा पहुँचाने के लिए एक टीका-सुविधा युक्त नौका टीमें तैयार की गई हैं। मेडिकल सुविधायुक्त इन नावों द्वारा न केवल लोगों को टीकाकरण बल्कि आवश्यकता पड़ने पर बीमार मरीजों को एम्बुलेंस सेवा भी प्रदान की जा रही है। इस पहल से जिले में कोविड टीकाकरण सेवा के क्षेत्र में सार्थक परिणाम प्राप्त हुए हैं।"







# टीका वाली नाव

"बाढ़ प्रभावित मुजफ्फरपुर जिले में प्रत्येक व्यक्ति को कोरोना से सुरक्षित करने के लिए 'टीका वाली नाव' जैसी परिकल्पना को मूर्त रूप दिया गया है। नाव पर तैनात स्वास्थ्यकर्मी गाँव-गाँव पहुँच कर लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ उन्हें कोविड के टीके भी लगा रहे हैं। जिले के कटरा, औराई तथा गायघाट प्रखंडो के सैकड़ों निवासियों के लिए यह टीका वाली नाव एक वरदान साबित हुई है।"




# '9 से 9' टीकाकरण

"राज्य में कामकाजी लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जिला स्तर पर '9 से 9' टीकाकरण केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक लोग अपनी सुविधानुसार इस सेवा से लाभान्वित हो रहे हैं। इन केन्द्रों के प्रति लोगों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। उत्साह का आलम यह है कि लोग यहाँ टीका लगवाते हुए सेल्फी लेते तथा दूसरे लोगों को टीके के लिए प्रोत्साहित करते हुए देखे जा रहे हैं।"



# बनकटवा
## बना देश की शान

"बिहार के पूर्वी चम्पारण का बनकटवा प्रखंड कोविड टीकाकरण की दृष्टि से पूरे देश की शान बन गया है। यहाँ 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोगों ने कोरोना का टीका ले लिया है। ऐसा मुकाम हासिल करने वाला यह देश का पहला प्रखंड है। आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी सेविकाओं एवं जन प्रतिनिधियों के समेकित प्रयास से इस प्रखंड में शत-प्रतिशत कोरोना टीकाकरण, यह प्रमाणित करता है कि ठान लो तो कुछ भी मुश्किल नहीं है। इसी प्रकार राज्य का कोना-कोना कोरोना मुक्त होने की ओर अग्रसर है।"









# शून्य अपव्यय

"कोविन पोर्टल के अनुसार राज्य में टीकों का अपव्यय प्रतिशत जीरो है जो राज्य स्तर से लेकर अन्तिम कड़ी में कार्य कर रहे A.N.M के द्वारा किये गये वैक्सिन के कुशल प्रबंधन एवं लोगों में टीकों के प्रति आई जागरूकता के कारण संभव हो सका है। जिसमें आच्छादन के अनुरूप और भी कमी आने की संभावना प्रबल है।"




# महिलाओं के लिए पिंक बूथ




"गया के प्रभावती अस्पताल में महिलाओं के लिए विशेष टीकाकरण केंद्र, 'पिंक बूथ' संचालित किया जा रहा है। यह केंद्र, पहले से जिलों में चल रहे 9 से 9 टीकाकरण केन्द्रों में से एक है। यहाँ की हर चीज पर्दे से लेकर टोपी तक, गुलाबी रंग में सुसज्जित की गई है। सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक कभी भी महिलाएं यहाँ आकर टीका लगवा सकती हैं।"

स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार

# श्री नीतीश कुमार

**माननीय मुख्यमंत्री, बिहार**

*के कर-कमलों द्वारा*



## श्री मंगल पाण्डेय

माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार

*की अध्यक्षता में*

# 'कोविड-19 टीकाकरण'

का

## शुभारम्भ

कोविड-19 का टीका सुरक्षित है

**दिनांक:** 16 जनवरी, 2021 (शनिवार) | **समय:** पूर्वाह्न 10:45 बजे

**स्थान:** इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना

• SHSBihar
• BiharHealthDepartment

**राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार**
परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना- 800 014

Website www.statehealthsocietybihar.org
Twitter @BiharHealthDepartment

स्वस्थ बिहार समृद्ध बिहार

---

6

**6 करोड़ वयस्कों को**
**6 माह में**
**लगेगा कोरोना का टीका**

## कर दिखाएगा बिहार

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग



श्री नीतीश कुमार
माननीय मुख्यमंत्री, बिहार

कोविड-19 का टीका सुरक्षित है

# कैसे सुधार करें ?
# कोविड सर्टिफिकेट

**अब कोविड प्रमाण-पत्र में**

☐ अपना नाम ☐ जन्म तिथि ☐ लिंग ☐ पहचान संख्या बदलना

**तथा अपने पासपोर्ट को लिंक करना हुआ आसान**

**STEP-1**
https://selfregistration.cowin.gov.in पर जायें एवं अपना मोबाइल संख्या दर्ज कर Get OTP का बटन दबाएँ

**STEP-2**
मोबाइल पर प्राप्त OTP टाइप कर Verify & Proceed का बटन दबाएँ

**STEP-3**
Raise an issue पर क्लिक करें और उपलब्ध विकल्प में से एक का चयन करें

**STEP-4**
अपनी आवश्यकतानुसार वांछित सुधार हेतु मौजूदा विकल्प का चयन करें एवं सुधार की प्रक्रिया को पूर्ण करें

याद रखें आप अपने प्रमाण-पत्र को केवल एक बार सुधार सकते हैं और सुधार की गई जानकारी आपके अंतिम प्रमाण-पत्र पर दिखाई देगी।

हम सुरक्षित, तो देश सुरक्षित!

• SHSBihar
• BiharHealthDepartment

**राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार**
परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना- 800 014

Website www.statehealthsocietybihar.org
Twitter @BiharHealthDepartment

कोविड-19 का टीका सुरक्षित है

स्वास्थ्य विभाग
बिहार सरकार

# टीके की दोनों ख़ुराक लेने के बाद ही

## शरीर में पूर्ण प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है, जिससे आप कोविड संक्रमण से सुरक्षित रहेंगे



भूलें नहीं

### पहली और दूसरी ख़ुराक में अंतराल

- कोविशील्ड : 12 से 16 सप्ताह
- को-वैक्सीन : 4 से 6 सप्ताह

### टीका लेने कहाँ जाएँ

- अपने नजदीकी टीकाकरण केन्द्र में टीका लें



## टीके की लेंगे दूसरी ख़ुराक, तब लड़ पायेंगे कोरोना से आप

कर दिखाएगा बिहार

6

6 करोड़ वयस्कों को
6 माह में लगेगा कोरोना का टीका

• SHSBihar
• BiharHealthDepartment

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना– 800 014

Website www.statehealthsocietybihar.org
Twitter @BiharHealthDepartment



राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार

कोविड-19 का टीका सुरक्षित है

वयोवृद्ध, दिव्यांगजनों तथा गंभीर रोग से बीमार व्यक्तियों के लिए

# निःशुल्क कोविड टीकाकरण अब उनके द्वार

## जिला स्तर पर उपलब्ध 24x7 टॉल फ्री मेडिकल हेल्प लाइन से संपर्क करें

निबंधन हेतु लाभार्थियों के पास आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर (स्वयं/परिवार के किसी सदस्य/अन्य) होना अनिवार्य

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अररिया | 18003456617 | 14 | जमुई | 18003456625 | 27 | पटना | 18003456019 |
| 2 | औरंगाबाद | 18003456612 | 15 | जहानाबाद | 18003456614 | 28 | पूर्णिया | 18003456619 |
| 3 | अरवल | 18003456611 | 16 | कैमूर | 18003456636 | 29 | रोहतास | 18003456637 |
| 4 | बांका | 18003456605 | 17 | कटिहार | 18003456618 | 30 | सहरसा | 18003456633 |
| 5 | बेगूसराय | 18003456604 | 18 | खगड़िया | 18003456620 | 31 | समस्तीपुर | 18003456635 |
| 6 | भागलपुर | 18003456606 | 19 | किशनगंज | 18003456621 | 32 | सारण | 18003456607 |
| 7 | भोजपुर | 18003456601 | 20 | लखीसराय | 18003456626 | 33 | शेखपुरा | 18003456628 |
| 8 | बक्सर | 18003456602 | 21 | मधेपुरा | 18003456632 | 34 | शिवहर | 18003456630 |
| 9 | पूर्वी चंपारण | 18003456624 | 22 | मधुबनी | 18003456623 | 35 | सीतामढ़ी | 18003456631 |
| 10 | पश्चिम चंपारण | 18003456603 | 23 | मुंगेर | 18003456627 | 36 | सीवान | 18003456609 |
| 11 | दरभंगा | 18003456610 | 24 | मुजफ्फरपुर | 18003456629 | 37 | सुपौल | 18003456634 |
| 12 | गया | 18003456613 | 25 | नालंदा | 18003456119 | 38 | वैशाली | 18003456616 |
| 13 | गोपालगंज | 18003456608 | 26 | नवादा | 18003456615 | | | |



कर दिखाएगा बिहार

6

6 करोड़ वयस्कों को
6 माह में लगेगा कोरोना का टीका

